# राजकीय महाविद्यालय
## नलवा (हिसार)

# वार्षिक



# प्रतिवेदन
## 2020-21




















**डॉ० वन्दना शर्मा**
प्रभारी
वार्षिक प्रतिवेदन

**श्रीमती सुनीता संदीप**
प्राचार्या




15th AUGUST 2020




BLOOD DONATION CAMP

# राजकीय महाविद्यालय
## नलवा (हिसार)

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2020-2021

**डॉ० वन्दना शर्मा**
प्रभारी
वार्षिक प्रतिवेदन

**श्रीमती सुनीता संदीप**
प्राचार्या

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2020-21

ग्रामीण अंचल में स्थापित यह शैक्षणिक संस्थान गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के अंतर्गत नियमित विद्यार्थियों को शिक्षा देने तथा मार्ग दर्शन करने में अपना प्रमुख स्थान बनाए हुए हैं। महाविद्यालय अपनी परम्परा व विकास को ध्यान में रखते हुए उतरोत्तर समृद्धता की ओर निरन्तर बढ़ रहा है। वर्ष 2020–21 में जो उपलब्धियां इस महाविद्यालय ने प्राप्त की उनमें विद्यार्थियों का समस्त विकास प्रतिबिम्बित होता है। सत्र 2020–21 में **DGHE** पंचकुला की तरफ से समस्त हरियाणा राज्य में महाविद्यालय को **33वां स्थान** व हिसार जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

1. **महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन :** राजकीय महाविद्यालय, नलवा (हिसार) को वर्ष 2014 में नैक मूल्यांकन में **बी ग्रेड** प्राप्त है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि हरियाणा प्रांत में ग्रामीण अंचल में स्थित केवल 2 महाविद्यालयों को **बी** ग्रेड प्राप्त है। जिसमें हमारे महाविद्यालय को भी यह गौरव प्राप्त है। सत्र 2020–21 में नैक मुल्यांकन के तीसरे **Cycle** का काम अंतिम चरण में है।

2. **University Inspection** : 1 अक्तुबर 2020 को गु॰ ज॰ वि॰ की तरफ से प्रो॰ वी॰ के॰ बिश्नोई के नेत्तृव में डॉ॰ अमनदीप, डॉ॰ अनिल कुमार के द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। यह इन्सपेक्सन **B.Sc.** नान मेडिकल व **Arts Field** में एक युनिट बढ़ाए जाने के विषय में की गई।

3. **कोर्स** : सन् 1981 में महाविद्यालय की स्थापना के साथ दो संकाय **कला** और **वाणिज्य** आरंभ किए गए। वर्तमान में कला संकाय के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति–विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, भूगोल, मनोविज्ञान व कंप्यूटर साइंस का अध्ययन करवाया जाता है। सत्र 2018–19 से साईंस संकाय भी सुचारू रूप से चल रहा है।

4. **महाविद्यालय में साईंस लैब की स्थापना** : सत्र2020–21 में साईंस संकाय में एक कैमेस्ट्री और एक फिजिक्स लैब की स्थापना की गई है।

5. **महाविद्यालय में प्रवेश संख्या** : सन 1981 में इस महाविद्यालय का आरम्भ मात्र 100 विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ हुआ था। सत्र 2020–21 में महाविद्यालय की कुल संख्या 850 तक पहुंच गई है। वर्तमान में 320 सीटें–**कला संकाय**, 80 सीटें–**वाणिज्य संकाय** तथा 40 सीटें **साईंस** संकाय में उपलब्ध है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सत्र 2020–21 में महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकूला से अनुमति प्राप्त कर कला संकाय में सीटों की संख्या में 80 सीटों की बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले कला संकाय में केवल 240 विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाता था।

वर्ष 2020–21 में महाविद्यालयल से **B.Sc.** कम्प्यूटर साईंस तथा **BA** में कम्प्यूटर विषय की मांग निदेशालय का रखी गई है।

6. **संबद्धता :** राजकीय महाविद्यालय, नलवा–हिसार की संबद्धता वर्ष 2017–18 में गुरू जम्भेश्वर साईंस तथा तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार से की गई है। इससे पहले यह महाविद्यालय कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र से संबद्ध था।

7. **महाविद्यालय परिवार** : महाविद्यालय प्राचार्य के अतिरिक्त शिक्षक वर्ग के 22 पद स्वीकृत है, जिन पर स्थाई प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं की नियुक्ति है। इसके अतिरिक्त 3 एक्सटेंशन लेक्चरर तथा कंप्यूटर विभाग में कॉन्ट्रैक्ट आधार पर **एक** अनुदेशक नियुक्त है। महाविद्यालय में गैर शिक्षक वर्ग के 21 पद स्वीकृत है। जिनमें पुस्तकालय में रेस्टोरर, अटैंडेट की नियुक्ति कॉन्ट्रैक्ट आधार पर है। एक सीनियर लाइब्रेरियन का पद रिक्त है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में **तीन** लैब अटैंडेट हैं जो भूगोल विभाग, मनोविज्ञान विभाग व कंप्यूटर विभाग में कॉन्ट्रैक्ट आधार पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य शैक्षणिक तथा प्रशासनिक कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं।

8. **ऑनलाइन एडमिशन प्रकिया** : प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु व कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए **DGHE** के निर्देशानुसार महाविद्यालय में ऑनलाइन एडमिशन की सुविधा है जिसमें विद्यार्थी स्वयं अपना फॉर्म ऑनलाइन भरकर, मेरिट लिस्ट देखकर अपना एडमिशन करवा सकते हैं।

9. **कॉलेज पोर्टल** : महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा–पंचकूला के पोर्टल पर महाविद्यालय की वेबसाइट है। विद्यार्थी इस पर ऑनलाइन एडमिशन, विभिन्न प्रकार से महाविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम, महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न आयोजन तथा सेमेस्टर परीक्षा से संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। हमारे महाविद्यालय की डोमेन **(Domain) ID** का लिंक **gcnalwa.ac.in** है। इस पर भी महाविद्यालय की गतिविधियों की समस्त जानकारी उपलब्ध है।

10. **लेसन प्लान** : कक्षा में सफल एवं प्रभावी शिक्षण हेतु लेसन प्लान आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन पढ़ाई जाने वाली विषयोंसे संबंधित सभी शिक्षक अपने–अपने विषयों से संबंधित लेसन–प्लान **महाविद्यालय पोर्टल** पर उपलब्ध करवाते हैं। कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी में विद्यार्थी ऑनलाइन क्लास लगाने से पूर्व पोर्टल पर अपनी लेसन प्लान को देखकर सम्बंधित कक्षा के अनुरूप अपनी योजना तैयार कर सकते हैं।

11. **LMS & MIS PORTAL** : उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकुला के द्वारा राज्य में सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए **LMS** ऐप्प लॉन्च किया है। यह एक ऐसा ऐप्प है जिसमें सरकारी कॉलेजों में उपस्थित अटेंडस शीट ऑनलाइन एडमीशन और छात्रवृत्ति से सम्बंधित

जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। निदेशालय द्वारा जारी **MIS** पोर्टल पर विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षा में करवाई गई **Study Details** दी जाती है।

कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी के दौरान लॉकडाउन मे सरकार द्वारा ई–लर्निंग शिक्षा का आदेश **Work-From-Home** नीति के तहत जारी किया गया। महाविद्यालय के सभी टीचिंग स्टाफ ने **LMS/MIS** पोर्टल के माध्यम से ही अपना ई–लर्निंग प्रोसेस पूर्ण कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

12. **ई–पाठशाला** : यह नवीन ऑगमेंटेड रियलिटी प्रणाली का कार्य करता है जिसमें वस्तुओं का सजीव अनुभव करवाया जाता है। इस एप्प का प्रयोग व इसका लाभ भी महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा उठाया जा रहा है।

13. **दृष्टि एप** : दृष्टि एप्प भी ई–लर्निंग का एक सफल माध्यम है। कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी के दौरान ई–लर्निंग को समृद्ध करने हेतु इस ऐप्प का निर्माण किया गया है।

14. **स्पोकन ट्यूटोरियल और स्वयं पोर्टल** : भारत सरकार द्वारा शुरु किया गया ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल स्वंय पोर्टल है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों तक डिजिटल शिक्षा पहुंचाना है। स्वंय पोर्टल भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा माइक्रोसॉफट की मदद से तैयार किया गया ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल है।

15. **श्रेयस पोर्टल** : **BA/B.Com./B.Sc.** तृतीय वर्ष के छात्रों को उच्च शिक्षा विभाग के यूथ **Apprenticeship** एंड स्किल्स की जानकारी देने के लिए श्रेयस पोर्टल शुरु किया गया। इस पर विद्यार्थी स्वंय को रजिस्टर करवाते हैं तथा डिग्री पूरी होने के बाद उन्हें 6 महीने **Apprenticeship** तहत काम करने का अवसर दिया जाता है। जिसमें उन्हें 6000 महीने स्टाइफंड भी दिया जाता है।

16. **कंप्यूटर की अनिवार्यता संबंधी जागरुकता कार्यक्रम** : डिजिटल इंडिया को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय में दो कंप्यूटर प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है, जिसमें 50 कंप्यूटर तथा इंटरनेट की सुविधा विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही है। कंप्यूटर की अनिवार्यता संबंधी जागरुकता कार्यक्रम के तहत बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाएं लगाई जाती है जिसमें बेसिक कंप्यूटर की जानकारी दी जाती है। यह कक्षाएं अनुदेशक डॉ० राकेश के द्वारा ली जाती है।

17. **आतंरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ** : **आंतरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ (IQAC)** महाविद्यालय में स्थापित किया गया है जिसके द्वारा शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए ऐसी व्यवस्था को विकसित करना है, जो महाविद्यालय में निरंतर तथा उत्प्रेरक सुधार करने में सहायक सिद्ध हो। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती निर्मला है। सत्र 2020–21 में महाविद्यालय की **(IQAC)** कमेटी के द्वारा अक्तुबर 2021 में ''ऑनलाइन फ्राड'' विषय पर विस्तार व्याख्यान करवाया गया। फरवरी 2021 में महाविद्यालय में **श्रमदान दिवस** मानया गया है। जून माह में

**IQAC** द्वारा **Financial Literacy & Investor Awareness** विषय पर सेमीनार करवाया।

18. **कॉलेज पत्रिका** : महाविद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित व विकसित करने के उद्देश्य से श्रीमती सरोज बाला सहा॰ प्रो॰ अंग्रेजी के संपादन में वार्षिक पत्रिका ''सोनजूही'' का प्रकाशन किया जाता है, जिसमें विद्यार्थियों के गद्य लेखन, पद्य लेखन, काव्य–पाठ इत्यादि कौशलों पर कार्य किया जाता है। इस पत्रिका में स्पष्ट तौर पर विद्यार्थियों के दायरों का विस्तार दिखाई देता है। सत्र 2020–21 में भी प्रकाशित सोनजूही पत्रिका में प्रत्येक वर्ष की भांति सम्पादकीय समिति के द्वारा विद्यार्थियों की लेखन–शैली व सृजनात्मकता के गुण को निखारने व संवृद्धित करने के का कार्य निरन्तर सुचारू रूप से किया जाता है।

19. **ऐजुसेट :** ऐजुसेट विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु ऐजुसेट जी सेट–3 का पहला समर्पित शिक्षा आग्रह है। महाविद्यालय में इसकी प्रभारी डॉ॰ कोमल मलिक है।

20. **स्वच्छता अभियान :** महाविद्यालय में सत्र 2020–21 में श्री अशोक कुमार के नेतृत्व में अगस्त माह में **स्वच्छता पखवाड़ा** मनाया गया व फरवरी माह में **श्रमदान अभियान** चलाया गया।

21. **छात्रवृत्तियां :** महाविद्यालय में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थियों को 2000 रूपये की पुस्तकें व 12000/– रू० वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है।

22. **प्लेसमेंट सेल :** महाविद्यालय में प्लेसमेंट प्रकोष्ठ सक्रिय रूप से कार्यरत है। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ॰ सुनीता के संयोजन सत्र 2020–21 ''कैरियर एण्ड वोकेशनल गाइडेन्स'' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान के आयोजन किया गया।

23. **उद्यमशीलता और स्टार्टअप इंडिया :** यह भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है **DGHE** पंचकुला के निर्देशानुसार महाविद्यालय में स्टार्टअप इंडिया के तहत उद्यमशीलता समूह का गठन किया गया है। यहां पर विद्यार्थी अपने नए स्र्टाटअप की समस्त जानकारी रजिस्टर करवा सकते हैं। इसका जिला स्तरीय सेंटर हिसार में है।

24. **विज्ञान प्रर्दशनी :** विज्ञान प्रर्दशनी में सत्र 2020–21 में डॉ॰ गोविंद सिंह के निर्देशन में फरवरी 2020 को महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग के मॉडल को प्रथम मनोविज्ञान को द्वितीय, कैमेस्ट्री व भूगोल विभाग को तृत्तीय सथान प्राप्त हुआ। मनोविज्ञान विभाग की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीती को **Best Explainer** का अवार्ड दिया गया

कम्प्यूटर साईंस विभाग की मॉडल प्रदर्शनी को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में तृत्तीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके लिए श्रीमती गरिमा मान (सहा॰ प्रो॰ कम्प्यूटर साईंस) बधाई की पात्र है।

25. **सीताराम जिन्दल छात्रवृत्ति तथा गोल्ड मेडल :** सत्र 2020–21 में श्री सीताराम जिन्दल

**CMD Sita Ram Jindal Trust New Delhi** ने महाविद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु प्रतिमाह 500/– रू की छात्रवृत्ति प्रदान की व प्रत्येक वर्ष ट्रस्ट द्वारा महाविद्यालय के दो टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया जाता है।

26. **युवा रेडक्रास समिति :** महाविद्यालय में 23 फरवरी 2021 को थैलेसीमिया पीड़ित व अन्य जरूरतमंदों के लिए युवा रैडक्रास समिति द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 60 युनिट ब्लड एकत्रित किया गया।इस समिति की संयोजिका डॉ॰ कविता खरींटा है।

27. **रेड रिबन क्लब :** रैड रिबन क्लब कमेटी के अंतर्गत सत्र 2020–21 में रक्तदान शिविर से पूर्व रंगोली व पोस्टर मेकिंग कम्पीटिशन द्वारा रक्तदान–महादान का संदेश दिया।इस क्लब की संयोजिका डॉ॰ कविता खरींटा के संयोजन में 1 दिसम्बर 2020 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रंगोली, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता व मेहन्दी कम्पीटिशन तथा पतंग बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

28. **पुस्तकालय** : हमारे महाविद्यालय में 16126 पुस्तके लाइब्रेरी में और 1446पुस्तकें बुक बैंक में है। इसमें विद्यर्थियों के लिए हर प्रकार की सुविधाएं है। सत्र 2020–21 में विद्यालयों के कम्प्यूटर–जनरेटिड आई कार्ड बनाए गए तथा पुस्तकों के **Issue-Return** से संबंधित **यूजर** अकाउंट भी खोले गए हैं।पुस्तकों के **Issue-Return** का कार्य **Soul Software 2.0** के माध्यम से किया जाता है। पुस्कालय की सलाहकार व प्राचार्या महोदया श्रीमती सुनीता संदीप व पूर्व प्रचार्य महोदय के निर्देशन में विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय का पार्टिशन किया गया। छात्र–छात्राओ के अध्ययन के लिए अलग–अलग अध्ययन केबिन बनाए गए। महाविद्यालय के पुस्तकालय में समाचार पत्र–पत्रिकाओं के साथ–साथ ब्रिटीश लाइब्रेरी की सदस्यता भी ली गई।इसके साथ ही टीचिंग स्टाफ में रिसर्च को बढावा देने के लिए पुस्तकालय में **डेलनेट** की सुविधा भी उपलब्ध है जिसमें सभी महत्वपूर्ण जनरल में प्रकाशित शोध–पत्र उपलब्ध होते हैं।पुस्तकालय इंचार्ज डॉ॰ सुनीता देवी तथा श्री धर्मेंद्र सिंह–रेस्टोरर के सहयोग से कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

29. **E -Lounge :** महाविद्यालय के विद्यार्थी इनटरनेट तथा **wi-fi** का लाभ उठा सकें इसके लिए पुस्तकालय कमेटी की सलाहकार व वर्तमान प्राचार्या श्रीमती सुनीता संदीप व पूर्व प्राचार्य महोदय के निर्देशन में विद्यार्थियों को कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी के दौरान ऑनलाइन ऐजूकेशन को ध्यान में रखते हुए इन्टरनेट को मूलभूत आवश्यक्ता मानते हुए E-Lounge स्थापित किया गया।

30. **लैंग्वेज लैब :** यहाँ शिक्षण के पारम्परिक तरीके से पूरी तरह से अलग भाषा कौशल प्रदान करने में छात्रों के तकनीकी ज्ञान दिया जाता है। भाषा प्रयोगशाला–मूल भाषा कौशल पद्धति को विकसित करता है। इस प्रयोगशाला में विभिन्न प्रकार के **Software** उपलब्ध होते हैं। जिसके

माध्यम से महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को उच्चारण के बारें में पूर्णत ज्ञान दिया जाता है। महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब की इंचार्ज डॉ॰ मीनाक्षी है।

31. **सांस्कृतिक समिति:** महाविद्यालय में सत्र 2020–21 में सांस्कृतिक गतिविधियां डॉ॰ सुनीता देवी के नेतृत्व में की गई, जिसमें जनवरी 13, 2021 को लोहड़ी कार्यक्रम में पंजाबी व हरियाणवी एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। गणतन्त्र दिवस के अवसर भाषण व एकल नृत्य का आयोजन किया गया।

32. **क्रिकेट प्रतियोगिता : Sports** इंचार्ज श्री दीपक के नेतृत्व में मार्च 4, 2021 को **Males Staff** व विद्यार्थियों के मध्य एक फ्रैंडली क्रिकेट मैच का अयोजन जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका पूर्व प्राचार्य श्री जगदीश चहल ने निभाई। मार्च 21, 2021 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार व राजकीय महाविद्यालय नलवा के मध्य भी फ्रैंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

33. **सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ के तहत श्री अशोक कुमार के निर्देशन में सत्र 2020–21 में सड़क सुरक्षा जागरूकता लाने के लिए कोविड–19 के सभी नियमों का पालन करते हुए एक रैली का आयोजन किया गया।

34. **मेंटर ग्रुप:** महाविद्यालय में प्राचार्या महोदया श्रीमती सुनीता संदीप के नेतृत्व में सत्र 2020–21 मेंटर ग्रुप बनाए गए। जिसमें समय–समय पर मेंटर–मैनटी कम्यूनिकेशन में विद्यायर्थियों की समस्याओं का निवारण किया गया। मेंटर अपने ग्रुप के सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा व रोजगार से सम्बंधित जानकारी देते है।

35. **राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :** सामाजिक वातावरण को सही दिशा में ले जाने के लिए जरूरी है कि महाविद्यालय में अध्ययन युवा वर्ग सामाजिक उत्पान कार्यों में अपनी भूमिका सही अर्थो में दर्ज करें। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना की गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना यानी **NSS** राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसकी गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित का कार्य करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट मे श्री अशोक यादव के निर्देशन में फिट इंडिया, सद्भावना दिवस, पोषण अभियान, प्लास्टिक वेस्ट फ्री कैम्पस, राष्ट्रीय यूनिट दिवस, श्रमदान अभियान, नशामुक्ति पर व्यायाम, योग वर्कशॉप, जिलास्त्तर पर जागरूकता दिवस अभियान आयोजित किए गए। इसी युनिट के अंतर्गत जलशक्ति अभियान सात दिवसीय **NSS** कैम्प का आयोजन किया गया है। कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी के दौरान भी राजकीय महाविद्यालय, नलवा के **NSS** वोलिन्टियरस ने कोविड वीर बनकर समाज को महामारी से बचाव हेतु सतर्क करते हुए जागरूक किया।

36. **कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका

डॉ॰ कविता खरींटा के नेतृत्व में दिनांक 31 अक्तूबर 2020 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। 26 नवम्बर 2020 को कोरोना महामारी के चलते हुए संविधान दिवस के अवसर पर डॉ० विजेन्द्र बैनीवाल (एसो० प्रो० रा० महिला महाविद्यालय, हिसार) को ऑनलाइन व्याख्यान ओयोजित किया गया। जनवरी 23, 2021 को चुनाव के प्रति जागरूकता लाने हेतु मतदाता दिवस मनाया गया।

37. **सीखना और कमाना योजना:** महाविद्यालय में एक कल्याणकारी **(Earn While Your Learn)** योजना है। इसका उद्देश्य छात्राओं में स्वालंबन की भावना विकसित करना है। इस योजना के तहत महाविद्यालय की छात्र–छात्राओं को अस्थाई रोजगार प्रदान किया गया है। जिसमें सत्र 2020–21 में चुने गए 50 छात्र–छात्राओं ने लाइब्रेरी, कार्यालय, भूगोल लैब, कम्प्यूटर लैब, लैंग्वेज लैब व महिला प्रकोष्ठ में अपने खाली समय में प्रतिदीन एक घंटा काम किया जिसके लिए उन्हें रू० 100/– प्रतिदीन के हिसाब से मेहनताना दिया गया। इस योजना की संयोजिका श्रीमती सरोज बाला है।

38. **इको क्लब:** महाविद्यालय में पर्यावरण जैवविविधता जलवायु स्थानीय पारीस्थिति की पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता लाने वाले कार्यक्रम आयोजित किए गए है। महाविद्यालय परिसर के सौन्दर्यकरण के सत्र 2020–21 में 350 पौधे लगाए गए और उनमे विकसित करने हेतु मिट्टी व गोबर की खाद के साथ कीटनाशक व दीमकनाशक का भी छिड़काव किया गया ताकि पौधे सही तरह से वृद्धि कर सके। इको क्लब की संयोजक श्री राजीव कुमार हैं।

39. **रक्तदान शिविर:** कमेटी द्वारा फरवरी माह में कोविड–19 की वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी के सहायोग से 60 युनिट के लगभग रक्त एकत्रित किया गया।

40. **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)** : राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान भारत सरकार की प्रायोजित योजना है। रूसा के तहत सत्र 2015–16 में महाविद्यालय को 2 करोड़ की राशि प्रदान की गई। इस अनुदान का उपयोग पुस्तकालय के विकास ई–लाउंज, मनोविज्ञान लैब, स्टाफ रूम, प्राचार्य कक्ष, बरसर कक्ष, सांस्कृतिक विकास, पुस्तकालय व विज्ञान लैब के विकास में किया गया। 2 करोड़ की राशि महाविद्यालय में निर्माण नवीनीकरण तथा उपकरणों पर उपयोग करने के लिए प्रदान की गई। यह राशि तीन घटकों में प्रयोग की गई–

(1) निर्माण घटक – 100% उपयोग (रू० 74.72 लाख)

(2) उन्नयन घटक – 99.97% उपयोग (6998300/–)

(3) उपकरण घटक – 99.89% उपयोग (5993737/–)

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि पूरे हरियाणा राज्य में केवल दो ग्रामीण महाविद्यालयों

को यह राशि दी गई जिसमें हमारे महाविद्यालय का नाम भी प्रतिष्ठित है। इसके प्रभारी डॉ॰ गोविंद सिंह (सहा॰ प्रो॰ मनो विज्ञान विभाग) हैं।

41. **महिला प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में सत्र 2020–21 के दौरान छात्राओं को समाजिक, आर्थिक व व्यक्तिगत अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस सत्र में महिला प्रकोष्ठ की तरफ से छात्राओं की कलाज्ञान संस्कृति एवं सृजनशीलता को समृद्ध करने हेतु दिवसीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। एक दिवसीय हेल्थ चोकअप का आयोजन किया गया। छात्राओं के ज्ञान वृद्धि हेतु शारिरिक रूप से स्वस्थ एवं मासिक विकास हेतु न्यूट्रीशीयन एंड डाइट एवरनेस विषय पर ऑनलाइन विस्तार काख्यान का आयोजि किया गया। छात्राओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ, सुंदर एवं आत्मरक्षा हेतु एक साप्ताहिक योगा एवं सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इसी सत्र में श्रीमती सुशीला के संयोजन में छात्राओ कला एवं कौशल को निखारने के उद्देश्य से एक दिवसीय **Art And Craft Workshop** लगवाई गई जिसमें **Pot Decoration, Out of Wate, Teddybear** व लकड़ी से बनी चित्रकारी सिखायी गई। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती सुशीला थी जिनका तबादला रा॰ महा॰, हांसी में हो चूका है। इस समय इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ॰ कविता खंरीटा है जिनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ की **E-Magazine पंख** का शुभारम्भ किया जा चुका है, छात्राओं को उनसे सम्बंधित विषयों की जानकारी के लिए **Facebook Page** भी बनाया गया है।

42. **रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रैगिंग के अनुचित उपयोग के चलते शारीरिक तथा मानसिक उत्पीड़न से बचाने के लिए इस प्रकोष्ठ के संयोजक श्री शैलेंद्र सिंह निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

43. **छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में विद्यार्थियों को कोई भी समस्या न आए इसके लिए छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इसकी प्रभारी प्राचार्या महोदया श्रीमती सुनीता संदीप है।

44. **इंटरनल सिक्योरिटी सेल :** उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा को लेकर महाविद्यालय में श्रीमती सुनीता संदीप के निर्देशन में इंटरनल सिक्योरिटी सेल का गठन किया गया है।

45. **यौन उत्पीड़न विरोधी प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में छात्राओं को सुरक्षित तथा यौन उत्पीड़न से मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए श्रीमती सुनीता संदीप के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ निरंतर प्रयासरत् रहता है। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ॰ कविता खरींटा है।

46. **योग कार्यक्रम :** महाविद्यालय में स्पोर्टस विभाग व **NSS** के संयोग से इन्टरनेशनल योगा दिवस पर ऑनलाइन योगा कार्यक्रम करवाया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने गुगल लिंक से जुड़कर कार्यक्रम सफल बनाया।

**47. मुलभूत आवश्यक्ताएं :** ग्रामीण अंचल में स्थित इस महाविद्यालय की मूलभूत आवश्यक्ताओं की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहुंगी कि महाविद्यालय में खेल के मैदान की सख्त आवश्यक्ता है, इससे सम्बंधित मांग डिप्टी स्पीकर श्री रणबीर सिंह गंगवा जी के समक्ष रखी जा चुकी है।

महाविद्यालय के लिए 10 कमरों के एक टीचिंग ब्लॉक को निदेशालय द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है, इसके शीघ्र निर्माण की आवश्यक्ता है।

महाविद्यालय परिसर में एक मल्टीपरपज हॉल तथा एक कैंटीन वांछित हैं।

**48. सब्जेक्ट सोसायटी:** महाविद्यालय में विद्यार्थियों से सम्बंधित विषयों के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ज्ञान देने के लिए विभिन्न विषयों की समितियों का गठन किया गया है। इन विषयों के विभागाध्यक्ष समय–समय पर प्रतियोगिताएं करवाते रहते हैं। प्रत्येक विषय की सब्जेक्ट सोसायटी को प्रत्येक समेस्टर में दो गतिविधियां करवानी अनिवार्य है। जिसका निर्वहन सत्र 2020–21 में महाविद्यालय में ऑन लाइन रूप से किया गया।

**49. कोविड–19 :** वर्ष 2020 की सबसे बड़ी त्रासदी कोविड–19 है। यह विश्व महामारी के रूप में फैला हुआ है, जिसका संक्रमण अत्यंत तेजी से पहुंचता है, भारत सरकार ने कोविड की दूसरी लहर के भयंकर प्रभाव को देखते हुए मार्च 2021 में ही पूरी देश में लॉकडाउन कर दिया था। इस वैश्विक महामारी से विद्यार्थियों को सुरक्षित रखने के लिए महाविद्यालय में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए गए। अप्रैल माह में मेंटर ग्रुप्स के माध्यम से ऑनलाइन विद्यार्थियों को इससे संबंधित जानकारी दी गई तथा इसके संक्रमण के बारे में बताया स्वंय को सुरक्षित रखने के उपाय भी मेंटर ग्रुप में बताए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को सोशल डिस्टैसिंग का पालन करना, मास्क पहनने तथा बार–बार हाथ धोने की प्रक्रिया के बारे में निर्देश दिए गए। महाविद्यालय में कई स्थानों पर हाथ घोने का प्रबंध किया गया, जगह–जगह सैनेटाइजर रखे गए तथा महाविद्यालय बिल्डिंग को सैनेटाइज करने का प्रबंध किया गया।

**50. प्राध्यापकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां :**

**Ph.D** की उपाधि : सत्र 2020–21 में हिन्दी विभाग में डॉ॰ पूजा रानी ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के हिन्दी विभाग से पी॰ एच॰ डी॰ की उपाधि प्राप्त की।

**रिफ्रेशर/ओरियेन्टेसन कोर्स :**

(1) अंग्रेजी विभाग में कार्यरत सहा॰ प्रो॰ डॉ॰ मीनाक्षी शर्मा ने सत्र 2020–21 में 16 नवम्बर 2021 रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया।

(2) अग्रेंजी विभाग में सहा॰ प्रो॰ श्री अशोक कुमार ने सत्र 2020–21 में 16 नवम्बर 2021 से 28 नवम्बर तक कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया।

(3) अर्थशास्त्र विभाग की सहा० प्रो० डॉ० कोमल मलिक ने रामानुजन कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली) 29 अप्रैल 2021 से 13 मई 2021 तक रिफ्रेशर कोर्स किया।

(4) हिन्दी विभाग की सहायक प्रो० डॉ० सुनीता देवी ने खानपुर विश्वविद्यालय, खानपुर से 9 दिसम्बर 2020 से 8 जनवरी 2021 ओरियेंटसन कोर्स पूरा किया।

(5) हिन्दी विभाग की सहायक प्रो० डॉ० पूजा रानी ने खानपुर विश्वविद्यालय, खानपुर से 9 दिसम्बर 2020 से 8 जनवरी 2021 तक ओरियेंटसन कोर्स पूरा किया।

(6) कॉमर्स विभाग की सहायक प्रो० श्रीमती निर्मला ने 9 दिसम्बर 2020 से 8 जनवरी 2021 तक खानपुर विश्वविद्यालय, खानपुर से ओरियेंटसन कोर्स पूरा किया।

(7) डॉ० वन्दना शर्मा सहायक प्रो० हिन्दी ने 18 मई 2021 से 17 जून 2021 तक रामानुजन कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली) से फैकल्टी इंडक्सन प्रोग्राम/ओरियेंटसन कोर्स पूरा किया।

(8) डॉ० वीरेन्द्र सिंह सहायक प्रो० हिन्दी ने 18 मई 2021 से 17 जून 2021 तक रामानुजन कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली) से फैकल्टी इंडक्सन प्रोग्राम/ओरियेंटसन कोर्स पूरा किया।

**शोध–पत्र प्रकाशित :**

Dr. Vandana Sharma & Dr. Virender Singh Assistant Prof. of Hindi, Paper entitled : ''भाषाविज्ञान का अन्य ज्ञान–विज्ञान से सम्बंध'' published in Research Jaournal 'Drishtikon' with ISSN No. 0975-119X Issue 13, January-February Year 2021.

Dr. Vandana Sharma, Assistant Prof. Hindi A chapter published in book with title ''भारत की घुमंतू'' (खानाबदोश) जनजातियां with ISSN No. 978-93-90179-29-9 प्रथम संस्करण 2021

डॉ० कविता खरींटा सहायक प्रो० राजनीति विज्ञान ने हिसार जिले के दूरदर्शन चैनल द्वारा आयोजित विषय ''परिक्षा के दौरान बच्चों में तनाव'' व आत्मनिर्भर भारत परिचयाओं में भाग लिया।

Dr. Kavita Kharinta, Assistant Prof. Political Science

Reserch Paper published online in "International Journal of Agricultural and Statistical Science" Scopus and Wos (June 2021)

Dr. Vinod Gill, Assistant Prof. Math published a research paper with titled "A Noval extension of weighted hyper geomatric funcations and fractional derivative" Malaya Journal of Matemathik, Vol. 9, No.1 38-45, 2021.

Dr. Vinod Gill, Assistant Prof. Maths published a research paper with titled "Computable Generalization of Fracional binetic equation with special functions" Journal of bing Saud University Science, Vol 33 (1) 2021.

प्रिंसिपल की सेवानिवृत्ति : 31 मई 2021 को महाविद्यालय में प्राचार्य श्री राजेन्द्र सिंह काजल सेवानिवृत्त हुए।

**51. आह्वान :** कॉलेज को निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर करने वाले सभी प्राध्यापक गण सर्वप्रथम धन्यवाद के पात्र हैं। जिनके निरन्तर प्रोत्साहन तथा प्ररेणा से महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था स्थापित होने के साथ कोविड–19 की महामारी के दौरान भी शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चलता रहा। वर्तमान प्रदुषित वातावरण में भी महाविद्यालय को हरा भरा रखने के लिए तथा **Green Campus** मिशनके उद्देश्य को पूरा करने में प्रयासरत **ECO Club** का भी मैं सहृदय से धन्यवाद करती हूँ। ऑफिस का सुचारू रूप से चलाने के लिए श्री विनोद गुप्ता डिप्टी सुपरिटेंडेट, श्री आनंद सिंह अस्सिटैंट, श्री साधुराम तथा श्री मुकेश **Clerk** भी धन्यवाद के पात्र है। महाविद्यालय में सहयोग देने के लिए तथा सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिमाह 500/– रू० की छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए तथा दो टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल देने के लिए श्री सीताराम जी जिन्दल **CMD Sita Ram Jindal Trust, New Delhi** का भी धन्यवाद करती हूँ।

धन्यवाद।

**श्रीमती सुनीता संदीप**
प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय, नलवा (हिसार)

## शोक संदेश

**दिनांक 15 दिसम्बर 2020 को महाविद्यालय के गणित विभाग की सहायक प्रो॰ श्रीमती रिचा वर्मा के पति को आकस्मिक निधन से दिंवागत की आत्मा शांति के लिए शोक संदेश दिया गया।**




RETIREMENT



MEMORANDUM


THE ELECTROMAGNETIC SPECTRUM
Safety Rules


इस दौर मे


GOVTERNMENT COLLEGE
NALWA(Hisar)


CARONA KO HARANA HAI BHARAT SE
BHAGANA HAI
को = कोई
रो = रोड पर
ना = ना निकले


DONATE BLOOD
SAVE LIFE

